संख्या-43/2021/960/58-2021

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

उद्यान अनुभाग **लखनऊः दिनांकः 19 अगस्त, 2021**

विषयः **चालू वित्तीतय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-10 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष 2401-001-05-जिला व मण्डालीय कार्यालय की योजनान्त र्गत हर्बल गार्डेन कार्यक्रम हेतु मानक मद 27-सब्सिडी में प्राविधानित धनराशि रू0-9 .34 लाख की वित्तीय स्वीमकृति के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-13/बजट/2021-22, दिनांक 25-5-2021 की ओर आपका ध्या न आकृष्टक करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-10 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2401-001-05-जिला व मण्ड लीय कार्यालय की योजनान्तिर्गत हर्बल गार्डेन कार्यक्रम हेतु मानक मद 27-सब्सिडी में प्राविधानित धनराशि रू0-9 .34 लाख की वित्ती1य स्वीगकृति श्री राज्यकपाल महोदय निम्नम शर्तों/प्रतिबन्धों1 के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैंः-

1. धनराशि का कोषागार से आहरण एवं व्यय तभी किया जायेगा, जब यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि कोविड-19 के कारण उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद योजना के कार्यक्रमों का संचालन किया जाना आवश्यक एवं अपरिहार्य है।
2. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय परियोजना/प्रस्ताव के अनुरुप शासन के दिशा निर्देशों/गाइड लाइन्स एवं संगत नियमों के अनुसार किया जायेगा।
3. प्रस्ताव में आँकड़ों की शुद्धता का दायित्व विभागाध्येक्ष का होगा।
4. प्रस्तावित वित्तीय स्वीकृति उपलब्ध बजट प्राविधान की सीमा के अन्तर्गत रहेगी, यह विभागाध्यक्ष का उत्तरदायित्व रहेगा।
5. जारी वित्तीय स्वीकृति के संबंध में यह स्पिष्ट किया जाना है कि धनराशि का विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी के निवर्तन पर रखे जाने मात्र से किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है।
6. जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।
7. सम्भावित व्यय की फेजिंग विभाग के कार्य की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार कर लें। जहाँ तक सम्भव हो, व्यय की फेजिंग वित्तीय वर्ष के लिए प्रतिमाह समान रूप से की जाय।
8. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि विभागाध्यक्षों/अन्य नियंत्रक अधिकारियों द्वारा बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाय कि आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय।

http://shasanadesh.up.nic.in

9. कोषागार से एक मुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय, क्योंकि धनराशि के एकमुश्त आहरण से राज्य के कैश मैनेजमेंट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

10. व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

11. धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22.3.2021 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्येय वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-10 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2401-001-05-जिला व मण्ड2लीय कार्यालय की योजनान्त्गत हर्बल गार्डेन कार्यक्रम हेतु मानक मद 27-सब्सिडी के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त4 विभाग के अशासकीय सं0-ई-1-923-दस-2021-2022, दिनांक-18 अगस्ता, 2021 में प्राप्त् उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
उप सचिव

संख्यावः43/21/960(1)/58-2021 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्निलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्य)क कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
(2) वित्तख नियंत्रक, निदेशालय, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्केरण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(3) मुख्यख कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(4) निदेशक, वित्तीवय सांख्यिकी निदेशालय , जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) वित्तक (आय-व्यखय) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
(6) वित्तक (व्यंय-नियंत्रण) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
(7) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in